## About the Book

यह किताब विशेष रूप से उन अभ्यर्थियों के लिए बनाई गई है जो **उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा** की तैयारी कर रहे हैं। इस पुस्तक में नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित **10 व्याख्यात्मक हल सहित प्रैक्टिस सेट्स** शामिल हैं, जो छात्रों को वास्तविक परीक्षा जैसी तैयारी करने में मदद करेंगे।

**किताब की मुख्य विशेषताएँ:**

- इस किताब में **10 प्रैक्टिस सेट्स** दिए गए हैं, जो बिल्कुल **वास्तविक परीक्षा के पैटर्न** पर आधारित हैं।
- सभी प्रश्नों को **नवीनतम सिलेबस और परीक्षा पैटर्न** के अनुसार तैयार किया गया है।
- यह किताब छात्रों को **समय प्रबंधन, प्रश्न हल करने की गति** और **कमियों की पहचान** करने में मदद करती है।
- प्रत्येक सेट में दिए गए प्रश्नों के साथ **व्याख्यात्मक हल** दिए गए हैं ताकि छात्र अपने उत्तरों को अच्छी तरह समझ सकें और अपनी गलतियों को सुधार सकें।
- यह पुस्तक उन सभी उम्मीदवारों के लिए अत्यंत उपयोगी है जो **उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा** में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं।

**इस किताब के माध्यम से अभ्यर्थी अपनी तैयारी को परख सकते हैं, आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं और परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने की दिशा में एक मजबूत कदम उठा सकते हैं।**

### अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकें










Buy books at great discounts on: www.examcart.in | www.amazon.in/examcart |

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!
CB2197

उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा प्रैक्टिस सेट्स
ISBN - 978-93-6890-132-7
9789368901327
₹ 139

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!

# उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा

## व्याख्यात्मक हल सहित

## 10 प्रैक्टिस सेट्स



18 Nov 2025 के नये पाठ्यक्रम अनुसार!
जब अपडेटेड प्रैक्टिस सेट्स लगाओगे, तभी परीक्षा Crack कर पाओगे।

| Code | Price | Pages | ISBN |
| --- | --- | --- | --- |
| CB2197 | ₹139 | 112 | 978-93-6890-132-7 |

विषय सूची

# परीक्षा से संबंधित जानकारी
# (Exam Information)

**परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना (Important Information)**


(उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा की सम्पूर्ण जानकारी एवं पुस्तक या किसी भी समस्या के लिए हमारा Helpline No.) vi

- पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पैटर्न vii


## प्रैक्टिस सेट्स


- प्रैक्टिस सेट-1 ........ 1-5
- प्रैक्टिस सेट-2 ........ 6-9
- प्रैक्टिस सेट-3 ........ 10-13
- प्रैक्टिस सेट-4 ........ 14-18
- प्रैक्टिस सेट-5 ........ 19-23
- प्रैक्टिस सेट-6 ........ 24-27
- प्रैक्टिस सेट-7 ........ 28-31
- प्रैक्टिस सेट-8 ........ 32-35
- प्रैक्टिस सेट-9 ........ 36-40
- प्रैक्टिस सेट-10 ........ 41-45


## व्याख्यात्मक हल


- प्रैक्टिस सेट-1 ........ 1-6
- प्रैक्टिस सेट-2 ........ 7-14
- प्रैक्टिस सेट-3 ........ 15-20
- प्रैक्टिस सेट-4 ........ 21-26
- प्रैक्टिस सेट-5 ........ 27-32
- प्रैक्टिस सेट-6 ........ 33-38
- प्रैक्टिस सेट-7 ........ 39-44
- प्रैक्टिस सेट-8 ........ 45-50
- प्रैक्टिस सेट-9 ........ 51-55
- प्रैक्टिस सेट-10 ........ 56-61

## Extra Study Material e-book
## (Download this Free e-book)

### ई-बुक का Content :-


- 2024 के 5 सॉल्व्ड पेपर्स की ई-बुक
- Big Discount Coupon
  ('www.examcart.in' वेबसाइट से पुस्तकें खरीदते समय इन Coupon Code का इस्तेमाल करें और बेस्ट डिस्काउंट पाएँ।)

**Link Expire**
होने से पहले QR Code को स्कैन करके e-book को Download कर लें।


# ऐसी पुस्तकें जो कोई आपको बताना नहीं चाहता!

इन अनोखी पुस्तकों ने कई छात्रों को उनके पहले प्रयास में ही परीक्षा पास करने में मदद की है और हम जो कहते हैं, उसे साबित भी करते हैं—इसलिए हर पुस्तक के कुछ सैंपल चैप्टर दिए गए हैं। हम गारंटी देते हैं कि इन्हें पढ़ने के बाद आपको समझ आएगा कि ये पुस्तकें क्यों सबसे बेहतरीन हैं और क्यों इतने सारे छात्र इनसे सफल हुए हैं।

**नोट:** पढ़ने के लिए, किसी भी पुस्तक के पास दिए गए QR Code को स्कैन करें, उसके वेबसाइट पेज पर “View PDF” पर क्लिक करें। अगर पुस्तक पसंद आए, तो Extra Study Material ई-बुक में दिया गया डिस्काउंट कूपन इस्तेमाल करें और बेहतरीन डिस्काउंट भी पाएँ।





उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल (Question Bank)





मानसिक अभिरुचि एवं तार्किक तर्कशक्ति (Question Bank)




उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल (Guide Book)




मूलविधि एवं भारतीय संविधान (Textbook)




उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल (Practice Sets)




उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल (Solved Papers)



# प्रैक्टिस सेट-1
## (सामान्य अध्ययन)

**1.** भारत और चीन के बीच सीमा–रेखा को क्या कहा जाता है?
(A) रेडक्लिफ रेखा (B) इन्दिरा प्वाइंट
(C) डूरण्ड रेखा (D) मैकमोहन रेखा

**2.** निम्नलिखित किस पहाड़ी पर पूर्वी घाट पश्चिमी घाट से मिलता है?
(A) पलानी पहाड़ी
(B) अनाइमुड़ी पहाड़ी
(C) नीलगिरि पहाड़ी
(D) शेरवोराय पहाड़ी

**3.** निम्नलिखित राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में से किसमें जुआरी नदी प्रवाहित होती है ?
(A) दमन एवं दीव
(B) गोवा
(C) पुदुचेरि
(D) अंडमान एवं निकोबार

**4.** किस नदी पर शिवसमुद्रम् जलप्रपात अवस्थित है ?
(A) कावेरी (B) कृष्णा
(C) गोदावरी (D) महानदी

**5.** भारत के निम्नलिखित क्षेत्रों में से कहाँ उष्णकटिबन्धीय आर्द्र सदाबहार वन नहीं उगते हैं ?
(A) पूर्वी घाट (B) पश्चिमी घाट
(C) अण्डमान द्वीप (D) उत्तर–पूर्वी क्षेत्र

**6.** 'नागार्जुन सागर बहु-उद्देशीय परियोजना' कौन-सी नदी पर स्थित है ?
(A) ताप्ती (B) कोसी
(C) गोदावरी (D) कृष्णा

**7.** भारत में खाद्य प्रबन्धन का निम्न में से कौन-सा एक उद्देश्य नहीं है ?
(A) खाद्यान्नों का वितरण
(B) खाद्यान्नों की खरीद
(C) खाद्यान्नों के बफर स्टॉक का रख-रखाव
(D) खाद्यान्नों का निर्यात

**8.** 'काली क्रांति' सम्बन्धित है–
(A) मत्स्य उत्पादन
(B) कोयला उत्पादन
(C) कच्चा तेल उत्पादन
(D) सरसों उत्पादन

**9.** पाकिस्तान के लरकाना जिले में सिन्धु नदी के तट पर स्थित सिन्धु नदी घाटी सभ्यता का एक प्रमुख शहर निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(A) मोहनजोदड़ो (B) हड़प्पा
(C) लोथल (D) आलमगीरपुर

**10.** भारतीय कोयला उद्योग की निम्नलिखित समस्याओं पर विचार करें–
I. निम्न कोटि का कोयला एवं कोयला संचालन में बाधा।
II. धुलाई संस्थानों की उपयोग क्षमता में कमी।
III. कोकिंग कोयला के आयात पर बढ़ती निर्भरता।
IV. कार्य संचालन की कीमतें।
उपर्युक्त में से कौन–से सही हैं?
(A) II, III तथा IV (B) I, II, III तथा IV
(C) I, III, तथा IV (D) I, II तथा III

**11.** 'बिग-बैंग सिद्धान्त' निम्नलिखित के उद्‌भव की व्याख्या करता है–
(A) स्तनधारी जीव (B) हिम युग
(C) ब्रह्माण्ड (D) महासागर

**12.** शनि ग्रह के वायुमण्डल में निम्नलिखित में से कौन-सी गैस सबसे अधिक मात्रा में पाई जाती है?
(A) सल्फर डाई-आक्साइड
(B) कार्बन मोनोआक्साइड
(C) मीथेन
(D) नाइट्रोजन

**13.** पृथ्वी की परिक्रमण धुरी (ध्रुवीय धुरी) सदा झुकी होती है–
(A) दीर्घवृत्तीय धुरी से $23.0^{o}$ पर
(B) दीर्घवृत्तीय धुरी से $23.1^{o}$ पर
(C) दीर्घवृत्तीय धुरी से $24.5^{o}$ पर
(D) दीर्घवृत्तीय धुरी से $23.5^{o}$ पर

**14.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–

| | **सूची-I (ज्वालामुखी)** | | **सूची-II (देश)** |
|---|---|---|---|
| a. | सबनकाया | 1. | इटली |
| b. | माउण्ट | 2. | पेरू |
| c. | कोलिमा | 3. | इण्डोनेशिया |
| d. | मेरापी | 4. | मेक्सिको |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**15.** निम्न में से कौन-से शीतोष्ण घास के मैदान यूरेशिया में पाए जाते हैं ?
(A) डाउन्स (B) वेल्ड्स
(C) स्टेपीज (D) प्रेयरीज

**16.** निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें–
(i) चोल वंश एक तमिल राजवंश था, जिसने 13वीं शताब्दी तक मुख्य रूप से दक्षिण भारत में शासन किया था।
(ii) यह चोल वंश समृद्ध गंगा नदी घाटी में उत्पन्न हुआ था।
(A) (i) सही है और (ii) सही है
(B) (i) सही है और (ii) गलत है
(C) (i) गलत है और (ii) सही है
(D) (i) गलत है और (ii) गलत है

**17.** मद्रास हिन्दू सामाजिक सुधार एसोसिएशन का आरम्भ किसकी मदद के लिए हुआ था?
(A) गरीब बच्चों (B) विकलांगों
(C) देवदासियों (D) जनजातीय लोगों

**18.** भारत में अली बंधुओं, शौकत अली एवं मोहम्मद अली ने किस आंदोलन का नेतृत्व किया था?
(A) भारत छोड़ो आंदोलन
(B) खिलाफत आंदोलन
(C) दिल्ली चलो आंदोलन
(D) बहिष्कार आंदोलन

**19.** गौतम बुद्ध की माँ देवदह राज्य के शासक परिवार से थी, जो अब उत्तर प्रदेश के ........ जिले में है।
(A) देवरिया (B) गोरखपुर
(C) बस्ती (D) गोंडा

**20.** निम्नलिखित में से किसे लोकसभा की कार्यवाही में विशिष्ट निमंत्रण पर भाग लेने का अधिकार है?
(A) महालेखा परीक्षक
(B) महान्यायवादी
(C) सॉलिसिटर जनरल
(D) लोकसभा के सचिव

**21.** निम्नलिखित में से भारतीय नेपोलियन किसे माना जाता है?
(A) चन्द्रगुप्त मौर्य (B) समुद्रगुप्त
(C) अशोक (D) हर्षवर्धन

**22.** बुद्ध ने अपना पहला उपदेश कहाँ दिया था?
(A) सारनाथ (B) बोधगया
(C) लुम्बिनी (D) कुशीनगर

**23.** शेरशाह ने ग्रांड ट्रंक रोड इनको जोड़ने के लिए बनवाई थी–
(A) आगरा को असम से
(B) आगरा को कन्नौज से
(C) आगरा को सासाराम से
(D) आगरा को अहमदनगर से

**24.** दुम्मटी (लोम) मिट्टी का कौन–सा कण मिलता है?
(A) बालू कण
(B) चिकना कण
(C) पांशु कण
(D) सभी प्रकार के कण

**25.** निम्नलिखित में से किस राज्य में कृषि भूमि 60 प्रतिशत से कम है ?
(A) पश्चिम बंगाल (B) पंजाब
(C) उत्तर प्रदेश (D) बिहार

**26.** ब्रिटिश इण्डिया के निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने सामूहिक कार्यचालन के स्थान पर 'विभाग' या 'विभागीय' पद्धति द्वारा वायसराय की कार्यकारी परिषद् पर उनके प्राधिकार को और अधिक बल प्रदान किया ?
(A) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1861
(B) भारत सरकार अधिनियम, 1858
(C) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1892
(D) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909

**27.** "क्या आप मुझे एक भी स्वतंत्र देश दिखा सकते हैं जहाँ पृथक् मताधिकार हो ? ........ अंग्रेज जा चुके हैं, परन्तु वे शरारत छोड़ गये हैं।"
निम्नलिखित में से किसने उपर्युक्त वाक्य को संविधान सभा की बहस में कहा था ?
(A) सोमनाथ लाहिड़ी
(B) जवाहरलाल नेहरू
(C) सरदार वल्लभ भाई पटेल
(D) एन. जी. रंगा

**28.** निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित **नहीं** है ?
(A) सम्प्रभुता (B) लोकतंत्रात्मक
(C) पंथनिरपेक्ष (D) संघीय

**29.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये।

| सूची-I (अनुसूची) | सूची–II (विषय) |
|---|---|
| a. तृतीय अनुसूची | 1. राज्य विधान परिषदों में स्थानों का आवंटन |
| b. चतुर्थ अनुसूची | 2. शपथ या प्रतिज्ञान के प्रारूप |
| c. सातवीं अनुसूची | 3. भाषाएँ |
| d. आठवीं अनुसूची | 4. संसद और राज्य विधान मण्डलों द्वारा बनायी जाने वाली विधियों की विषय सूची |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**30.** निम्नलिखित में से कौन–सा एक युग्म सही सुमेलित **नहीं** है ?

| | प्रावधान | | स्रोत |
|---|---|---|---|
| (A) | मौलिक अधिकार | – | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| (B) | राज्य के नीति निर्देशक तत्व | – | आयरलैण्ड |
| (C) | केन्द्र की अवशिष्ट शक्तियाँ | – | ऑस्ट्रेलिया |
| (D) | आपातकालीन शक्तियाँ | – | जर्मनी |

**31.** निम्न में से कौन एक भारत के संविधान का संघीय लक्षण नहीं है ?
(A) केंद्र तथा राज्यों के बीच शक्ति का बंटवारा
(B) पूर्ण रूप से लिखित संविधान
(C) एकहरी नागरिकता
(D) स्वतंत्र न्यायपालिका

**32.** निम्नलिखित राज्यों के गठन पर विचार कीजिए तथा इन्हें कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :
I. गोवा II. तेलंगाना
III. झारखण्ड IV. हरियाणा
नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए।
**कूट :**
(A) I, II, III, IV (B) IV, I, III, II
(C) III, II, IV, I (D) IV, III, I, II

**33.** नागरिक पंजीकरण प्रणाली (CRS) के अंतर्गत कितने दिनों के भीतर जन्म तथा मृत्यु की घटना को भारत में रजिस्ट्रेशन कराना कानूनी रूप से अनिवार्य होता है ?
(A) 15 दिन (B) 21 दिन
(C) 26 दिन (D) 30 दिन

**34.** शिक्षा का अधिकार मौलिक अधिकारों में सम्मिलित किया गया–
(A) 103वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2019 के द्वारा
(B) 93वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2005 के द्वारा
(C) 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 के द्वारा
(D) 71वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के द्वारा

**35.** राज्य के नीति निदेशक तत्व सहज अध्ययन के लिए निम्न में से कौन-से भागों में विभाजित किए जा सकते हैं ?
(A) समाजवादी
(B) उदार बौद्धिकतावादी
(C) गाँधीवादी
(D) ये सभी

**36.** 'पूँजी निर्माण' के सन्दर्भ में कौन–सा/से कथन सही है/हैं ?
1. पूँजी निर्माण की प्रक्रिया बचतों और वित्तीय संस्थाओं की प्रभाविता पर निर्भर करती है।
2. निवेश पूँजी निर्माण के लिए एक अनिवार्य कारक है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर को चुनिए।
**कूट :**
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 न ही 2

**37.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :
**अभिकथन (A) :** सरकार को अवरुद्ध मुद्रास्फीति से निपटने के लिए कठिन समय का सामना करना पड़ता है।
**कारण (R) :** यह स्थिति अर्थव्यवस्था में आपूर्ति अड़चन तथा अक्षम वितरण जैसे अभावों के कारण होता है।
नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।
**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(C) (A) सत्य है, किन्तु (R) गलत है
(D) (A) गलत है, किन्तु (R) सत्य है

**38.** भारत में एग्रो–इकोलॉजिकल जोन्स (कृषि पारिस्थितिकीय क्षेत्रों) की कुल संख्या है–

(A) 15 (B) 17

(C) 19 (D) 20

**39.** कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के संदर्भ में निम्न में से कौन–सा कथन सही है/हैं ?

1. कम्पनी एक्ट 2014 ने सी. एस. आर. को अनिवार्य बना दिया।
2. इसके अंतर्गत आने वाली कंपनियों को अपने वार्षिक शुद्ध लाभ का एक प्रतिशत सी. एस. आर. गतिविधियों में व्यय करना होगा।

नीचे दिए हुए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए–

कूट :

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न तो 1 और न ही 2

**40.** भारत में प्रत्यक्ष कर कोड निम्नलिखित में किससे सम्बन्धित है ?

(A) बिक्री कर (B) आय कर

(C) उत्पाद कर (D) सेवा कर

**41.** इलायची पहाड़ियाँ निम्नलिखित में से किस पर्वत श्रृंखला में स्थित हैं?

(A) विंध्य (B) पश्चिमी घाट

(C) पूर्वांचल (D) पूर्वी घाट

**42.** चोस और डुआर्स जैसे गिरिपद मैदानों में मौजूद मृदा.........होती है।

(A) जलोढ़ मृदा

(B) काली मृदा

(C) लैटेराइट मृदा

(D) लाल और पीली मृदा

**43.** भरतपुर राष्ट्रीय उद्यान निम्नलिखित राष्ट्रीय उद्यानों में से किसका पूर्व नाम है?

(A) पेंच राष्ट्रीय उद्यान

(B) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान

(C) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान

(D) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान

**44.** किस वायुमंडलीय परत में ओजोन होती है, जो हानिकारक पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करती हैं?

(A) मध्यमण्डल (B) समतापमण्डल

(C) क्षोभमण्डल (D) आयनमण्डल

**45.** उष्णकटिबन्धीय चक्रवात विश्व में विभिन्न नामों से जाने जाते हैं। विश्व के किस भाग में इसे 'हरिकेन' के नाम से जाना जाता है?

(A) पश्चिमी प्रशांत

(B) पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया

(C) अटलांटिक

(D) हिन्द महासागर

**46.** हिमाचल प्रदेश का सबसे प्रसिद्ध लोक नृत्य कौन–सा है ?

(A) जवारा (B) कथक

(C) राउफ (D) नाटी

**47.** संगीत पर सबसे पहला ज्ञात ग्रंथ, संगीत रत्नाकर ................... द्वारा रचित है।

(A) शारंगदेव (B) मुहम्मद शाह

(C) तानसेन (D) अमीर खुसरो

**48.** इनमें से कोन लोकप्रिय कठपुतली शो के संबंध में सही मिलान है ?

(A) थोलू बोम्मलता-आंध्र प्रदेश

(B) गोम्बीयाट्टा–कर्नाटक,

(C) कठपुतली-राजस्थान

(D) उपर्युक्त सभी जोड़ी सही मिलान हैं

**49.** अत्यधिक कुशल कांस्य मूर्तियों के निर्माण का संबंध किस भारतीय राजवंश से है?

(A) मौर्य (B) चोल

(C) मुगल (D) पल्लव

**50.** अमरावती की कला किस राजवंश के काल में फली-फूली ?

(A) पल्लव राजवंश

(B) चोल राजवंश

(C) पांड्य राजवंश

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**51.** सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता क्या थी ?

(A) वस्तु विनिमय प्रणाली

(B) स्थानीय परिवहन प्रणाली

(C) ईंट के बने भवन

(D) प्रशासनिक प्रणाली

**52.** बृहदारण्यक, मुंडक और तैत्तिरीय निम्नलिखित में से किस श्रेणी के धार्मिक ग्रंथों के उदाहरण हैं ?

(A) पुराण (B) महाकाव्य

(C) उपनिषद (D) जातक कथा

**53.** लौरिया नन्दनगढ़ स्तंभ .............. में स्थित है।

(A) कुम्रहार (B) पटना

(C) चंपारण (D) वाराणसी

**54.** दक्षिण भारत का प्रसिद्ध 'तक्कोलम का युद्ध' किनके बीच लड़ा गया था ?

(A) चोल और उत्तरी चालुक्य

(B) चोल और राष्ट्रकूट

(C) चोल और होयसल

(D) चोल और पाण्ड्य

**55.** खानवा का युद्ध .............. के बीच लड़ा गया था।

(A) हुमायूँ और नसीरुद्दीन नसरत शाह

(B) हुमायूँ और शेर शाह सूरी

(C) बाबर और राणा साँगा

(D) अकबर और राणा साँगा

**56.** भूमध्य सागरीय वन्य झाड़ियाँ किस जलवायु क्षेत्र में हैं?

(A) गर्म शीतोष्ण क्षेत्र

(B) भूमध्यवर्ती क्षेत्र

(C) ठण्डे शीतोष्ण क्षेत्र

(D) गर्म क्षेत्र

**57.** 1909 के भारतीय परिषद् अधिनियम को किस रूप में जाना जाता था?

(A) मोंटेग्यू–चेम्सफोर्ड सुधार

(B) साइमन कमीशन

(C) क्रिप्स मिशन

(D) मॉर्ले मिंटो सुधार

**58.** 'संविधान सभा' के उस सदस्य का नाम बताइए, जिन्होंने कहा कि ''हमारे संविधान की प्रस्तावना में उन बातों को अभिव्यक्त किया गया है जिनके बारे में हमने सोचा था या इतने लंबे समय से जिनका सपना देखा था।''

(A) डॉ. बी. आर. अंबेडकर

(B) एन. गोपालस्वामी आयंगर

(C) के. एम. मुंशी

(D) सर अल्लादि कृष्णस्वामी अय्यर

**59.** मानव दृश्य प्रणाली द्वारा अनुभव किए जाने वाले प्रकाश को मापने के विज्ञान, प्रकाशमिति (फोटोमेट्री) का मूल SI मात्रक क्या है?

(A) मोल (B) ऐम्पियर

(C) केल्विन (D) कैंडेला

**60.** निम्नलिखित का मिलान कीजिए।

| मात्रा | एस.आई.इकाई |
|---|---|
| 1. आवृत्ति | a. ओह्म |
| 2. बल | b. हर्ट्ज |
| 3. प्रतिरोध | c. न्यूटन |

(A) 1-b, 2-c, 3-a (B) 1-a, 2-c, 3-b

(C) 1-c, 2-b, 3-a (D) 1-b, 2-a, 3-c

**61.** किसी पिंड के संवेग में परिवर्तन की दर बल की दिशा में लगाए गए असंतुलित बल के समानुपाती होती है। इसे किस रूप में जाना जाता है?

(A) गति का तृतीय नियम

(B) जड़त्व का नियम

(C) गति का द्वितीय नियम

(D) गति का प्रथम नियम

**62.** कोरिओलिस बल किसके कारण होता है ?

(A) सूर्य के प्रकाश (B) ज्वारीय तरंगों

(C) पवन (D) पृथ्वी के घूर्णन

**63.** ........... पदार्थ की वह अवस्था है जिसमें अनेक इलेक्ट्रॉन परमाणुओं के नाभिक के बीच स्वतंत्र रूप से गति करते हैं ।

(A) प्लाज्मा (B) ठोस

(C) द्रव (D) गैस

**64.** पानी को कठोर बनाने वाले दो प्रमुख खनिज कौन-से हैं ?

(A) मैग्नीशियम और कैल्शियम

(B) जिप्सम और मैंगनीज

(C) आयरन और सल्फर

(D) सोडियम और पोटैशियम

**65.** बैटरी एसिड का रासायनिक नाम क्या है ?

(A) बेरियम सल्फेट

(B) हाइपोक्लोरस एसिड

(C) बोरिक एसिड

(D) सल्फ्यूरिक एसिड

**66.** पुष्प का कौन-सा भाग बीज के रूप में विकसित होता है?

(A) स्त्रीकेसर (B) पुंकेसर

(C) पंखुड़ी (D) बीजांड

**67.** मानव शरीर में निम्नलिखित में से कौन-सी ग्रंथि/अंग पित्त रस स्रावित करती/ता है ?

(A) पर्णाभ (B) पीयूषिका

(C) अग्न्याशय (D) यकृत

**68.** निम्नलिखित में से कौन-सा विटामिन मानव शरीर में कोशिकाओं को एक साथ रखने में मदद करता है?

(A) विटामिन C (B) विटामिन K

(C) विटामिन A (D) विटामिन E

**69.** सोमाटोट्रोपिन ..........का दूसरा नाम है।

(A) आँसू गैस (B) वृद्धि हार्मोन

(C) हास्य गैस (D) पाचक रस

**70.** निम्नलिखित में से किसके अभाव के कारण कमजोर अस्थियाँ और दंतक्षय होता है ?

(A) आयोडीन (B) कैल्शियम

(C) लौह (D) विटामिन A

**71.** कॉलम का मिलान करें।

| कॉलम A (पोषक तत्त्व) | कॉलम B (स्रोत) |
|---|---|
| i. प्रोटीन युक्त आहार | a. ग्लूकोज और अन्य शर्करा |
| ii. वसा युक्त आहार | b. खट्टे फल |
| iii. कार्बोहाइड्रेट युक्त आहार | c. अंडे का सफेद भाग और लाल माँस |
| iv. विटामिन C युक्त आहार | d. मक्खन एवं चीज |

(A) i-c, ii-a, iii-b, iv-d

(B) i-d, ii-c, iii-b, iv-a

(C) i-c, ii-d, iii-b, iv-a

(D) i-c, ii-d, iii-a, iv-b

**72.** निम्नलिखित में से किस वस्तु में फाइबर की उच्च मात्रा पाई जाती है ?

(A) साबुत अनाज (B) अंडा

(C) मछली (D) दूध

**73.** डेंगू के समय रक्तस्राव.............की संख्या में कमी के कारण होता है।

(A) प्लाज्मा

(B) लाल रुधिर कणिकाओं

(C) श्वेत रुधिर कणिकाओं

(D) प्लेटलेट्स

**74.** निम्नलिखित में से कौन-सी दूषित भोजन या पेय पदार्थों के सेवन से होने वाली खाद्य जनित बीमारी है ?

(A) चिकन पॉक्स (B) मलेरिया

(C) तपेदिक (D) हैजा

**75.** निम्नलिखित में से कौन-सा रोग जीवाणु से होता है?

(A) डिप्थीरिया (B) पोलियो

(C) रूबेला (D) जीका बुखार

**76.** भारतीय शहर की पहली पूर्ण जनगणना 1830 में _____द्वारा की गई थी।

(A) जॉन ग्रांट (B) हेनरी वाल्टर

(C) इरेटोस्थनीज (D) जेम्स रेनेल

**77.** ब्रिटिश ने व्ययगत के सिद्धान्त के आदेशानुसार कौन–से राज्यों को हड़प लिया था ?

(A) नागपुर–सतारा–झाँसी

(B) उदयपुर–झाँसी–नागपुर

(C) झाँसी–सतारा–नागपुर

(D) सतारा–उदयपुर–झाँसी

**78.** ब्रिटिश शासन से पहले निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय अर्थव्यवस्था की एक विशेषता थी ?

(A) स्वतंत्र अर्थव्यवस्था

(B) आश्रित अर्थव्यवस्था

(C) आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था

(D) समृद्ध अर्थव्यवस्था

**79.** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मंगल पांडे ब्रिटिश सेना की किस रेजीमेंट में सिपाही थे?

(A) 34वीं बंगाल नेटिव इंफेंट्री

(B) 11वीं नेटिव इंफेंट्री

(C) 6 वें ड्रैगून गार्ड्स

(D) 3 री नेटिव बिहार इंफेंट्री

**80.** संस्कृत के ज्ञान के लिए कलकत्ता विश्वविद्यालय के संकाय से पंडिता की उपाधि किसे मिली?

(A) सरोजिनी नायडू

(B) रास सुंदरी देवी

(C) रमाबाई सरस्वती

(D) रोकाया सखावत हुसैन

**81.** ब्रिटिश शासन के दौरान, भारत में पहले वन महानिरीक्षक निम्न में से कौन थे?

(A) सलीम अली

(B) जेम्स एडवर्ड कॉर्बेट

(C) जॉन शोर

(D) डायट्रिच ब्रैंडिस

**82.** 16 अगस्त, 1904 को साप्ताहिक पत्रिका इत्तेहाद में प्रकाशित देशभक्ति गीत 'सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्तान हमारा' किसने लिखा था ?

(A) चंद्रशेखर आजाद

(B) सरदार भगत सिंह

(C) रविंद्रनाथ टैगोर

(D) मुहम्मद इकबाल

**83.** मैकाले (Macaulay) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन असत्य है ?

(A) मैकाले एक प्राच्यविद् विद्वान था।

(B) उन्होंने भारतीयों को अंग्रेजी भाषा की शिक्षा देने की प्रबल रूप से वकालत की।

(C) उसका मानना था कि भारत एक असभ्य देश है जिसे सभ्यता का पाठ पढ़ाया जाना आवश्यक है।

(D) उन्होंने भारतीय और अरब साहित्य को पश्चिमी साहित्य से निम्नतर माना।

**84.** 'समाजवादी' शब्दपद किस वर्ष में भारतीय संविधान की उद्देशिका में जोड़ा गया था?

(A) 1971 (B) 1967

(C) 1976 (D) 1985

**85.** उत्तर प्रदेश का राज्य पशु कौन-सा है?

(A) मत्स्य-विडाल (फिशिंग कैट)

(B) लाल पांडा

(C) चश्माधारी बंदर

(D) बारहसिंगा (दलदल का मृग)

**86.** उत्तर प्रदेश में कुंभ मेला, ________ यमुना और पौराणिक सरस्वती, नदियों के संगम पर मनाया जाता है।

(A) बेतवा (B) घग्गर

(C) गंगा (D) नर्मदा

**87.** जनगणना-2011 के अनुसार, उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से कौन-से जिले में साक्षरता दर सबसे अधिक है?

(A) बदायूं (B) जी.बी. नगर

(C) श्रावस्ती (D) रामपुर

**88.** 1774 में सर्वोच्च न्यायालय को किस शहर में फोर्ट विलियम में शीर्ष न्यायालय के रूप में स्थापित किया गया?

(A) दिल्ली (B) मुम्बई

(C) शिमला (D) कोलकाता

**89.** 31 दिसम्बर, 1947 को संविधान सभा में कितने सदस्य थे?

(A) 195 (B) 334

(C) 200 (D) 299

**90.** कानून का शासन किसी भी _____की नींव है, जिसका अर्थ है कि कोई भी व्यक्ति कानून के ऊपर नहीं है।

(A) साम्यवाद (B) एकतंत्र

(C) अधिनायकत्व (D) लोकतंत्र

**91.** घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम वर्ष ______ में अधिनियमित किया गया था।

(A) 2010 (B) 2000

(C) 2020 (D) 2005

**92.** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति कौन करता है?

(A) भारत के राष्ट्रपति

(B) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(C) लोकसभा अध्यक्ष

(D) केन्द्रीय गृह मंत्री

**93.** किसी जिले के भू-राजस्व प्रशासन का प्रभारी मुख्य अधिकारी.............होता है।

(A) जिला परिषद के मुख्य लेखाधिकारी

(B) राजस्व विभागी अधिकारी

(C) जिला कलेक्टर

(D) तहसीलदार

**94.** निम्नलिखित में से कौन, राज्य पुलिस में सर्वोच्च रैंकिंग वाला अधिकारी होता है?

(A) डीजीपी (B) एसएसपी

(C) आईजी (D) एडीजीपी

**95.** राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत निरुद्ध की जाने की अधिकतम अवधि कितनी है ?

(A) 12 महीने (B) 3 महीने

(C) 6 महीने (D) 24 महीने

**96.** निम्नलिखित में से कौन-सा, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल 'सी.ए.पी.एफ.' (CAPF) का हिस्सा है?

(A) सैन्य पुलिस कोर

(B) सीमा सुरक्षा बल

(C) भारतीय तट रक्षक

(D) भारतीय सेना

**97.** किस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने इंस्टाग्राम, स्टोरीज और स्नैपचैट, स्नैप्स के समान "फ्लीट्स" की अवधारणा पेश की ?

(A) लिंक्डइन (B) टिकटॉक

(C) X (ट्विटर) (D) नौकरी

**98.** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस किस तारीख को मनाया जाता है ?

(A) 8 सितम्बर (B) 12 जनवरी

(C) 20 मार्च (D) 24 अक्टूबर

**99.** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के कौशांबी ब्लॉक ने नीति आयोग की एबीपी की पहली डेल्टा रैंकिंग में कौन-सा स्थान हासिल किया है?

(A) पंचम (B) प्रथम

(C) द्वितीय (D) चतुर्थ

**100.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये –

| **सूची-I (देश)** | **सूची-II (राजधानी)** |
|---|---|
| a. उज्बेकिस्तान | 1. ताशकंद |
| b. तजाकिस्तान | 2. दुशान्बे |
| c. किर्गिस्तान | 3. बिश्केक |
| d. तुर्कमेनिस्तान | 4. अश्गाबात |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

❑❑